SRI BHAGAWAN MAHAVEER JAIN COLLEGE

Vishweshwarapuram, Bangalore 560004

**Mock Examination Question Paper - January 2019**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Course:** | II PUC | **Subject:** | HINDI |
| **Max. Marks:** | 100 | **Duration:** | 3:15 hrs. |

**I अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **6 x 1 = 6**

१ सत्कार्य में बाधा डालने से क्या बिगडता है?

२ कर्तव्य पालन और सत्यता में कैसा संबंध है?

३ पुन: उत्थान की किरणें कब फूटती है?

४ अंग्रेजी–हिन्दी विषयवार शब्दकोश के अधूरे काम को किसने पूरा किया?

५ विश्वेश्वरय्या ने बेंगलूर के किस कॉलेज से बी.ए. उत्तीर्ण किया?

६ एयर इंडिया की उड़ान कितने मिनट विलंब से चली?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3 x 3 = 9**

७ धर्म–पालन करने के मार्ग में क्या–क्या अड़चन आते हैं?

८ लेखिका बचपन में कौन–कौन से खेल खेलती थी ?

९ मैसूर राज्य के विकास में विश्वेश्वरय्या के योगदान के बारे में लिखिए।

१० चीफ साहब पर टिप्पणी लिखिए।

११ जापान के रेलवे स्टेशन और रेल–यात्रा के बारे में लेखिका क्या कहती है ?

**II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा?** **4 x 1 = 4**

१२ 'मैं साँझ को डांड फेंक दूँगा।'

१३ 'बंद करो अब इस मन्नू का घर से बाहर निकलना।'

१४ 'सच? मुझे गाँव के लोग बहुत पसंद हैं।'

१५ 'आप साधु हैं, आपको दुनियादारी समझ में नहीं आती।'

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :** **2 x 3 = 6**

१६ 'कहाँ आटा रखा है, लाओ, मैं ही निकालकर दे आऊँ। तुम रानी बनकर बैठो।'

१७ 'सेवाहि परमो धर्म' के स्थान पर लोग 'मेवाही परमो धर्म' कहने लगे हैं।

१८ 'पेंशन का आर्डर आ गया ?'

१९ 'यहाँ प्रकृति की तूलिका में सात से अधिक रंग दिखाई दे रहे हैं।'

**III अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **6 x 1 = 6**

२० रैदास भगवान से किस प्रकार की भक्ति करते हैं

२१ रहीम के अनुसार जहाँ अहं होता है, वहाँ किसका वास होता है ?

२२ बेटी को क्यों सुंदर दिखना है ?

२३ वृक्ष का जूता कैसा है ?

२४ कर्नाटक में किसकी शीतल मंद सुगंध विचरती है ?

२५ कवि के अनुसार क्या शर्त थी ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2 x 3 = 6**

२६ रहीम के अनुसार भू पर किस प्रकार के लोगों का जन्म लेना व्यर्थ है ?

२७ मानवता के प्रति कवि नरेंद्र शर्मा के विचार प्रकट कीजिए ।

२८ वृक्ष न दिखने पर कवि उसकी यादों में कैसे खो गए ?

२९ मानव ने उत्तर प्रदेश की किन विशेषताओं का वर्णन किया है ?

**इ)ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : 2 x 4 = 8**

३० ऊधौं हम आजु भई बड़-भागी ।
जिन अँखियन तुम स्याम बिलोके, ते अँखियाँ हम लागी ।
जैसे सुमन बास लै आवत, पवन मधुप अनुरागी ।
अति आनंद होत है तैसै, अंग-अंग सुख रागी ।

**अथवा**

जपमाला छापा तिलक, सरै न एकौ कामु ।
मन-काँचे नाचै वृथा, साँचे राँचै रामु ॥

३१ ऐसा तेरा लोक, वेदना
नहीं, नहीं जिसमें अवसाद,
जलना जाना नहीं,नहीं-
जिसने जाना मिटने का स्वाद !

**अथवा**

सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं,
मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए ।

**IV अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : 5 x 1 = 5**

३२ मिश्रानी को किसने काम से हटा दिया ?

३३ दादाजी का छोटा पोता परेश किस पद पर था ?

३४ दादाजी ने सबको क्या समझाया था ?

३५ भारवि में किस कारण अहंकार बढ़ता जा रहा था ?

३६ श्रीधर पंडित का पुत्र क्या नहीं हो सकता ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2 x 5 = 10**

३७ दादाजी ने परेश को किस प्रकार मनाया ?

अथवा

बेला अपने मायके क्यों जाना चाहती थी ?

३८ शास्त्रार्थ में पंडितों को हराते देख पिता ने भारवि के बारे में क्या सोचा ?

अथवा

भारवि ने अपने पिता से किस प्रकार का दण्ड चाहा और उसे क्या दण्ड मिला ?

**V अ) वाक्य शुद्ध कीजिए : 4 x 1 = 4**

३९ क) तुम तुम्हारे धर्म का पालन करो ।
ख) वह एक दिन मेरा पास आया था ।
ग) लता ने आम को खाती थी ।

घ) तुम जा सकता हैं ।

**आ) कोष्ठक में दिए गए उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए :** **4 x 1 =4**
**[से, ने , को, में]**

४० क) वीरों ---देश के लिए प्राणों की आहुति दी ।
ख) रश्मि ने रमा---पुस्तक दी ।
ग) आप अपने कमरे---जाइए ।
घ) वह गाड़ी---उतरा ।

**इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए:** **3 x 1 = 3**

४१ क) अजयपाल तिलमिला उठेगा । (भूतकाल में बदलिए)
ख) शीला कपड़े धोती थी । (वर्तमानकाल में बदलिए)
ग) मीरा आँसू बहाती है । (भविष्यत्काल में बदलिए)

**ई) मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए :** **4 x 1 = 4**

| | |
|---|---|
| ४२ १) पोल खुलना | मुसीबत पीछे पड़ना । |
| २) दिल बैठ जाना | इच्छानुसार कार्य करवाना । |
| ३) उंगली पर नचाना | रहस्य प्रकट होना । |
| ४) गले पड़ना | व्याकुल होना । |

४३ उ) **अन्य लिंग रूप लिखिए :** **अ)** बैल **आ)** राजपूत **इ)** युवक 3 **x 1 = 3**

४४ ऊ)**अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए** **3 x 1 = 3**

क) निरीक्षण करनेवाला

ख) जो छिपाने योग्य हो

ग) बिना सोचे समझे किया गया विश्वास

४५ ए)**निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए:** **2 x 1 = 2**
**अ)** वास **आ)** दर्शन

४६ ऐ) **निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए:** **2 x 1 = 2**
**अ)** स्वर्गीय **आ**) नौकरानी

४८ **किसी एक विषय पर निबंध लिखिए** **5 x 1 = 5**
क) राष्ट्रीय एकता
ख) कालाधन
ग) मनोरंजन के आधुनिक साधन

**अथवा**

धूम्रपान के दुष्परिणाम को बताते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए ।

**VI अ)निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **5 x 1 = 5**

४७ मैं सड़क हूँ । शायद किसी के शाप से चिरनिद्रित सुदीर्घ अजगर की भाँति वन-जंगल और पहाड़-पहाड़ियों से गुजरती हुई पेड़ों की छाया के नीचे से और दूर तक फैले हुए मैदानों में ऊपर से देश-देशांतरों को घेरती हुई बहुत दिनों से बेहोशी की नींद सो रही हूँ । जड़ निद्रा में पड़ी-पड़ी मैं अपार धीरज के साथ अपनी धूल में लोटकर शाप की आखिरी घड़ियों का इंतज़ार कर रही हूँ । हमेशा से जहाँ-जहाँ स्थिर हूँ, अविचल हूँ, हमेशा से एक ही करवट सो रही हूँ, इतना भी सुख नहीं कि अपनी इस कड़ी और सूखी सेज पर एक भी मुलायम हरी घास या दूब डाल सकूँ । इतनी भी फ़ुरसत नहीं कि अपने सिरहाने के पास एक छोटा सा नीले रंग का वन-फूल भी खिला सकूँ ।

१)    सड़क किस की भाँति नींद सो रही है ?

२)    सड़क किसका इंतजार कर रही है ?

३)    हमेशा से स्थिर अविचल कौन है ?

४)    सड़क वन–फूल को कहाँ खिलाना चाहती है ?

५)    उपरोक्त अनुच्छेद के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए ।

**इ)    हिन्दी में अनुवाद कीजिए :**    **5 x 1 = 5**

४९    i) Unity and diversity is found in India.

ii) Bangalore is called as Centre for Information Technology.

iii) India is the biggest democratic country in the World.

iv) We are citizens of India.

v) He was the follower of truth and non-violence.